कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/माध्यमिक/शाला दर्पण/60304(1)/2017–18/ 312 दिनांक :– 27.11.2017

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
   माध्यमिक शिक्षा,
2. समस्त संस्था प्रधान,
   राउमावि/मावि

विषयः– **शिक्षा सत्र 2017–18 में राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9 में नवीन प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण की फीडिंग शालादर्पण पोर्टल पर किए जाने बाबत।**

प्रसंगः– **इस कार्यालय का पूर्व पत्रांक शिविरा–मा/माध्यमिक/शालादर्पण/60304(1)/2017–18/292 दिनांक 6.11.2017**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंग में लेख है कि सत्र 2017–18 में राजकीय विद्यालयों की कक्षा 09 में नवीन प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण मॉड्यूल शालादर्पण पोर्टल पर प्रारम्भ किया जा चुका है। प्रासंगिक पत्र द्वारा समस्त नोडल विद्यालय एवं संस्था प्रधानों को साईकिल वितरण से संबंधित फीडिंग का कार्य करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। शालादर्पण पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार बहुत से नोडल विद्यालय/संस्था प्रधान द्वारा वितरण की फीडिंग का कार्य अब तक नहीं किया गया है जबकि साईकिल वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिन संस्था प्रधानों ने साईकिल वितरण हेतु गलत नोडल विद्यालय का चयन किया है वे शालादर्पण पर सही नोडल विद्यालय का चयन कर त्रुटि दूर करें।

समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि साईकिल वितरण का प्रभावी प्रबोधन करते हुए शालादर्पण पोर्टल पर उपलब्ध मॉड्यूल में फीडिंग की जानी सुनिश्चित करावें।

(विजय शंकर आचार्य)
उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. श्रीमान् निजी सचिव, शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान् अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप,जयपुर।
3. समस्त उपनिदेशक मा. शिक्षा को भेजकर लेख है कि अपने अधीनस्थ जिलों में शालादर्पण पर साईकिल फीडिंग हेतु प्रभावी प्रबोधन करें।
4. प्रभारी, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
5. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट एवं शालादर्पण पोर्टल पर अपलोड करने हेतु

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

E:\GOVIND GEN.LETTER

www.rajteachers.com